भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
राजभाषा प्रकोष्ठ

सं.रा.प्र./हि.प./भा.प्रौ.सं.का.
दिनांकः 12.07.2017

विषयः खरीद समिति (Purchase committee) की बैठक का कार्यवृत्त ।

दिनांक 12 जुलाई 2017 को डॉ. अरूण कुमार शर्मा, प्रोफेसर इंचार्ज (राजभाषा) की अध्यक्षता में उक्त समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः

प्रोफेसर अरूण कुमार शर्मा	अध्यक्ष
प्रोफेसर कांतेश बलानी	सदस्य
डॉ. वेदप्रकाश सिंह	सदस्य
श्री मुकेश ~~सिंह~~ यादव (क्रय एवं भण्डारण)	सदस्य
श्री रमेश चन्द्र (आंतरिक अंकेक्षण)	सदस्य
श्रीमती सुनीता सिंह	सदस्य
श्री जगदीश प्रसाद	सदस्य - सचिव

तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य-सचिव को बैठक हेतु कार्यसूची के विषयों को बिन्दुवार रखने की अनुमति प्रदान की गई । इस क्रम में सदस्य-सचिव ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विमोचित होने वाली पत्रिका के प्रकाशन संबंधी रूप रेखा प्रस्तुत की । तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने पत्रिका के स्वरूप एवं छपाई से संबंधित विषयों पर गहराई से विचार विमर्श किया तथा विचार विमर्श के पश्चात पत्रिका के अधोलिखित स्वरूप को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया ।

- कुल पेज 52 (कवर पेज सहित) फोर कलर प्रिंटिंग
- कवर पेज 300 जीएसएम (फोर कलर प्रिंटिंग + लैमनेशन)
- आंतरिक पेज 100 जीएसएम (फोर कलर ग्लॉसी प्रिंटिंग के साथ)
- पत्रिका A4 साइज में होगी।

समिति ने एक मत से निम्नलिखित निर्णय लिया:

1. छपाई दर (Quotations) जमा करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2017 (दिन बुधवार) होगी ।
2. प्रिंटर्स दिनांक 26 जुलाई 2017 तक (शनिवार एवं रविवार छोड़कर सुबह 10 से सायं 5 बजे) के मध्य राजभाषा प्रकोष्ठ, कक्ष संख्या 281, द्वितीय तल (संकाय भवन) में पहुँचकर पत्रिका का सैम्पल अवश्य देख लें ताकि उन्हें अपनी छपाई दर (Quotations) देने में सुविधा हो सके ।
3. प्रिंटर्स सिंगल पेज की छपाई दर भी दें ।
4. कार्य का आर्डर देते समय प्रिंटर्स द्वारा प्रिंटिग की बेहतर गुणवत्ता तथा संस्थान में उनके कार्य करने के अनुभव का विशेष ध्यान रखा जाएगा ।

रमेश चन्द्र प्रतिनिधि सदस्य (अंकेक्षण अनुभाग)	मुकेश ~~सिंह~~ यादव 13/7/17 प्रतिनिधि सदस्य (क्रय एवं भण्डारण)	Sunita Singh सुनीता सिंह सदस्य
12/7/17 डॉ वेदप्रकाश सिंह सदस्य	Kantesh Balani 12/7/17 डॉ. कांतेश बलानी सदस्य	12/7/17 जगदीश प्रसाद सदस्य-सचिव

अरुण कुमार शर्मा
डॉ अरूण कुमार शर्मा
अध्यक्ष

नोट:- Total No. of Copies the Magazine = 1500